## महत्वपूर्ण एवं खास

### चाइल्ड पोर्नोग्राफी का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर में चाइल्ड पोर्नोग्राफी का वीडियो वायरल करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। राजेंद्र नगर थाने की पुलिस ने राजेंद्र नगर निवासी हनी असरानी 26 वर्ष चाइल्ड पोर्नोग्राफी का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल करता था। नेशनल क्राइम ब्यूरो की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिफ्तार किया ?है। उसके मोबाइल की पुलिस ने जांच की तो उममें आपत्तिजनक वीडियो मिले। पूछताछ के बाद पुलिस ने आइटी एक्ट की धारा 67 के तहत अपराध दर्ज किया है। गौरतलब है कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी को इंटरनेट मीडिया पर वायरल करने की एनसीआरबी निगरानी करती है। रायपुर में अब तक इस अपराध में आधा दर्जन लोगों पर एनसीआरबी की शिकायत के बाद पुलिस कार्रवाई कर चुकी है।

### ज्वेलर्स दुकान का ताला तोडक़र 2 लाख 50 हजार की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**रायपुर (आरएनएस)।** तिल्दा स्थित नेहा ज्वेलर्स को चोरों ने अपना निशाना बनाया है। दुकान की अलमारी में रखे ढाई लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवरात लेकर चोर फरार हो गए हैं। हालांकि चोरी की ये पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज में चारों का चेहरा भी साफ-साफ नजर आ रहा है। बरहाल पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

### सरगुजा और बिलासपुर संभाग में कांग्रेस का डिजिटल सदस्यता अभियान प्रशिक्षण कार्यक्रम

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी डॉ. चंदन यादव, एआईसीसी डाटा एनालिटिक्स विभाग के संयोजक विशाल मीणा, डिजिटल सदस्यता अभियान के प्रदेश समन्वयक पीयुष कोसरे, प्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्यसंगठक अरूण ताम्रकार, प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष पूर्णचंद पाढ़ी, प्रदेश कांग्रेस आईटी सेल के अध्यक्ष जयवर्धन बिस्सा तथा एनएसयूआई के अध्यक्ष नीरज पांडेय के उपस्थिति में 11 फरवरी 2022 को सरगुजा संभाग का प्रशिक्षण कार्यक्रम दोपहर 12 बजे राजमोहिनी देवी हॉल अंबिकापुर में और 12 फरवरी 2022 को बिलासपुर संभाग का प्रशिक्षण कार्यक्रम दोपहर 12 बजे कांग्रेस भवन बिलासपुर में होगी।

### नक्सलियों ने चेरपाल में दिन दहाड़े लगाये बैनर-पोस्टर

**बीजापुर (आरएनएस)।** जिले के चेरपाल-गंगालूर मार्ग पर ग्राम चेरपाल के समीप नक्सलियों के गंगालूर एरिया कमेटी ने दिन दहाड़े बीच सडक़ में बैनर बांधकर बड़ी संख्या में नक्सली पोस्टर सडक़ में पत्थर से दबाकर रखा था, जिसकी जानकारी मिलते ही मौके पर पंहुचे जवानों ने जप्त कर अपने कब्जे में लिया है। नक्सलियों द्वारा जारी बैनर-पोस्टर में सुरक्षा कैंपों का विरोध करने के साथ ही भूमकाल दिवस मनाने का आह्वान किया गया है। इसके अलावा नक्सलियों ने एक नई बात भी पोस्टर में लिखा है, नक्सली अब जमीन समतलीकरण करने, सिचाई व्यवस्था विकसित कर कृषि उत्पादों को बढ़ाने की बात कहना नक्सलियों की नई रणनीति की ओर इशारा करता है।

### 5 किलो का आईईडी बरामद, बीडीएस ने किया निष्क्रय

**कोंडागांव ।** जिले के नवीन थाना पुंगरपाल क्षेत्र अंर्तगत मटवाल मार्ग पर सडक़ निर्माण कार्य में बाधा पहुचाने के लिए लगाये गये 05 किलो का आईईडी पुलिस ने बरामद कर पुलिस और बीडीएस की टीम ने मौके पर आईईडी को निष्क्रय कर दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पूर्वी बस्तर डिवीजन के एलओएस, आमदई एवं बारसूर एलओएस के नक्सलियों ने सडक़ निर्माण कार्य मे बाधा पहुचाने के लिए एवं पुलिस पार्टी को नुकसान पहुंचाने की नियत से आईईडी लगाया था। जिसकी सूचना पुलिस को पहले ही मिल गई थी, जिसे निष्क्रय कर नक्सलियों के नापाक मंसूबे को नाकामयाब किया गया।

# छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर अब 61 लघु वनोपजों की खरीदी

❖ **वनवासियों के हित में अहम् फैसला**

❖ **राज्य सरकार ने लगभग तीन वर्ष में समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए लघुवनोपजों की संख्या 7 से बढ़ाकर की 61**

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप प्रदेश के वनवासियों के हित को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में वर्तमान में समर्थन मूल्य पर 61 लघु वनोपजों की खरीदी की जा रही है। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर ने बताया कि इस तरह छत्तीसगढ़ में लगभग तीन वर्ष में समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए लघु वनोपजों की संख्या 7 से बढ़ाकर 61 कर दी गई है।

गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में निर्धारित समर्थन मूल्य के तहत 52 से बढ़ाए गए 61 लघु वनोपजों में हर्रा बाल, महुआ फूल कच्चा (फूड ग्रेड), झाड़ू छिंद (घास), कोदो, कुटकी (काला), कुटकी (भूरा), रागी, अमचूर (सफेद) तथा अमचूर (भूरा) नवीन लघु वनोपज शामिल है। निर्धारित समर्थन मूल्य के अनुसार इनमें हर्रा बाल 30 रूपए, महुआ फूल कच्चा (फूड ग्रेड) 10 रूपए, झाड़ू छिंद (घास) 15 रूपए, कोदो 30 रूपए, कुटकी (काला) 30 रूपए, कुटकी (भूरा) 30 रूपए, रागी 33.77 रूपए, अमचूर (सफेद) 120 रूपए तथा अमचूर (भूरा) 80 रूपए प्रति किलोग्राम की दर पर खरीदी की जाएगी।



इस संबंध में प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ संजय शुक्ला ने बताया कि राज्य में वर्तमान में समर्थन मूल्य के अंतर्गत खरीदी की जा रही लघु वनोपजों में संग्रहण दर मालकांगनी बीज (सूखा) 100 रूपए, बायबडिंग 94 रूपए, कालमेघ/भूईनीम (सूखा) ग्रेड-1-35 रूपए, कालमेघ/भूईनीम (सूखा) ग्रेड-2-31.50 रूपए, आंवला (बीज रहित) सूखा 57 रूपए प्रति किलोग्राम निर्धारित है। इसी तरह रंगीनी लाख/छिली लाख (सूखा) 220 रूपए, रीठा फल (सूखा) 14 रूपए, वन जीरा बीज 70 रूपए, सतावर जड़ (सूखा) 107 रूपए, चरौटा बीज ग्रेड-1-16 रूपए, चरौटा बीज ग्रेड-2-14.50 रूपए, शहद 225 रूपए तथा नागरमोथा (सूखा) 30 रूपए प्रति किलोग्राम निर्धारित है। माहुल पत्ता 15 रूपए, हर्रा साबूत (सूखा) ग्रेड-1-15 रूपए, हर्रा साबूत (सूखा) ग्रेड-2-13.50 रूपए, हर्रा कचरिया 25 रूपए, बहेड़ा साबूत (सूखा) ग्रेड-1-17 रूपए, बहेड़ा साबूत (सूखा) ग्रेड-2-15.30 रूपए, बहेड़ा कचरिया 20 रूपए तथा गिलोय (सूखा) ग्रेड-1-40 रूपए, गिलोय (सूखा) ग्रेड-2-36 रूपए प्रति किलोग्राम निर्धारित है।

इसी तरह कुसुमी लाख/छिली लाख (सूखा) 300 रूपए, वन तुलसी बीज 16 रूपए, भेलवा 9.75 रूपए, शिकाकाई फल्ली (सूखा) 50 रूपए, इमली आटी (बीज सहित) ग्रेड-1-36 रूपए, इमली आटी (बीज सहित) ग्रेड-2-33 रूपए, इमली फूल (बीज रहित) 69 रूपए, इमली बीज 11 रूपए तथा महुआ फूल (सूखा) 33 रूपए, महुआ बीज 29 रूपए प्रति किलोग्राम निर्धारित है। झाड़ू फूल (घास) 50 रूपए, कौंच बीज 21 रूपए, धवई फूल (सूखा) ग्रेड-1-37 रूपए, धवई फूल (सूखा) ग्रेड-2-33.50 रूपए, चिरौंजी गुठली ग्रेड-1-126 रूपए, चिरौंजी गुठली ग्रेड-2-115 रूपए, करंज बीज 24 रूपए, बेलगुदा (सूखा) ग्रेड-1-30 रूपए, बेलगुदा (सूखा) ग्रेड-2-27 रूपए तथा कुल्लू गोंद 125 रूपए प्रति किलोग्राम निर्धारित है। काजू गुठली ग्रेड-1-90 रूपए, काजू गुठली ग्रेड-2-81 रूपए, साल बीज 20 रूपए, कुसुम बीज ग्रेड-1-23 रूपए, कुसुम बीज ग्रेड-2-20.70 रूपए, नीम बीज (सूखा) 27 रूपए, जामुन बीज (सूखा) ग्रेड-1-42 रूपए, जामुन बीज (सूखा) ग्रेड-2-38 रूपए प्रति किलोग्राम निर्धारित है।

इसके अलावा संग्रहण दर आंवला फल (कच्चा) 28 रूपए, रंगीनी लाख बीहन (जीवित लाख कीट के साथ) 200 रूपए, कुसुमी लाख बीहन (जीवित लाख कीट के साथ) ग्रेड-1-275 रूपए, कुसुमी लाख बीहन (जीवित लाख कीट के साथ) ग्रेड-2-245 रूपए, झाड़ू कांटा (घास) 25 रूपए, बेलफल (कच्चा) 10 रूपए, जामुन फल (कच्चा) 23 रूपए, सवई घास 15 रूपए, पाताल कुम्हड़ा कंद (सूखा) 21 रूपए, सफेद मूसली कंद (सूखा) 650 रूपए, तीखुर कंद (कच्चा) 20 रूपए, अश्वगंधा जड़ (सूखा) 350 रूपए, कोरिया बीज (इन्द्र जौ) (सूखा) 150 रूपए, कुटज छाल (सूखा) 12 रूपए तथा पलाश फूल (सूखा) 11.50 रूपए प्रति किलोग्राम निर्धारित है।

# भूमकाल आंदोलन आदिवासियों के स्वाभिमान, जल, जंगल, जमीन और स्वतंत्रता की लड़ाई का प्रतीक : भूपेश बघेल

❖ **मुख्यमंत्री ने अमर शहीद गुण्डाधुर की प्रतिमा का किया वर्चुअल लोकार्पण**

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भूमकाल दिवस के एक दिन पहले आज अपने रायपुर निवास कार्यालय से नगर पालिका कांकेर के घड़ी चौक में स्थापित अमर शहीद गुण्डाधुर की प्रतिमा का वर्चुअल लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अमर शहीद गुण्डाधुर को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने बस्तर में भूमकाल आंदोलन का नेतृत्व किया। भूमकाल आंदोलन सन् 1909 में प्रारंभ हुआ था। यह आंदोलन आदिवासियों के स्वाभिमान, आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन तथा आदिवासियों की स्वतंत्रता की लड़ाई थी। उन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद अंग्रेजों से लोहा लिया। वो अंग्रेजों के सामने झुके नहीं। उन्होंने आदिवासी समाज को जोड़ा।



विधानसभा के उपाध्यक्ष मनोज मंडावी रायपुर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में जुड़े। संसदीय सचिव शिशुपाल सोरी, नगरपालिका कांकेर अध्यक्ष श्रीमती सरोज ठाकुर, जिला पंचायत कांकेर अध्यक्ष हेमन्त ध्रुव सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पार्षद, गोंडवाना समाज के अनेक पदाधिकारी और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक इस अवसर पर कांकेर में उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि 1857 की क्रांति के पहले ही परलकोट के राजा अमर शहीद गैंद सिंह ने 1925 में अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह का बिगुल फूंका। 1857 की लड़ाई में अमर शहीद वीर नारायण सिंह ने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई छेड़ी थी। हमारे इन जननायकों ने अपनी आजादी की किसी भी कीमत पर गिरवी नही रखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की आजादी की लड़ाई में हमारे इन वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का अमूल्य योगदान जिस तरह रेखांकित होना था, वैसा रेखांकित नही हो पाया। अब हमारा आदिवासी समाज जागृत हो रहा है और इन वीरों के योगदान को रेखांकित करने के साथ उनका स्मरण कर रहा है।

## रंगों के माध्यम से कलाकारों ने बनाया मॉडल की लाइव पेंटिंग

**रायपुर (आरएनएस)।** यूनुस आर्ट गैलरी रायपुर की ओर से रविवार को एक दिवसीय लाइव मॉडल पेंटिंग का आयोजन किया गया। लाइव मॉडल पेंटिंग में बतौर मॉडल छॉलीवुड के मशहूर एक्ट्रेस व मॉडल वीणा सेंद्रे शामिल हुई। वहीं प्रदेश भर के नामचिन्ह कलाकारों ने सामने बैठकर मॉडल की लाइव पेंटिंग बनाया। कलाकारों ने कैनवास पर रंगों के माध्यम से अपनी हुनर की जादू दिखाया। इनकी कलाकारी देखकर दर्शक तब हैरान हो गए जब कलाकारों ने पलभर में मॉडल की स्केच बनाकर रंगों से खेलते हुए मॉडल की हु-ब-हु तस्वीर उतार दी। जिसे देख मॉडल को भी अपनी आंखों पर भरोसा नहीं हुआ। बता दें कि आर्ट गैलरी की ओर से पिछले पांच सालों से लगातार यह आयोजन किया जा रहा है।

इस आयोजन को देखने के लिए रायपुर सहित प्रदेश भर से दर्शक शामिल हुए। आर्ट गैलरी के फाउंडर शेख यूनुस ने बताया कि लाइव मॉडल पेंटिंग में प्रदेश भर के कलाकार शामिल हुए। जिंहोने मॉडल को अपनी कैनवास पर उकेरा। उन्होंने यह भी बताया कि लाइव मॉडल पेंटिंग कलाकारों के लिए मुशकिल होता है। क्योंकि सामने बैठी मॉडल की पोजीशन चेंज होती रहती है। जबकि फोटो से पोट्रेट बनाने में बहुत आसानी होती है।

## कृषि विभाग ने किया उर्वरक एवं कीटनाशक विक्रय परिसर का औचक निरीक्षण

❖ **अनियमितता पाए जाने पर जारी की गई कारण बताओ नोटिस**

**रायपुर (आरएनएस)।** कलेक्टर सौरभ कुमार के मौखिक आदेश के परिपालन में कृषि विभाग रायपुर के द्वारा विकासखंड स्तर पर उर्वरक की काला बाजारी को राकेने हेतु गठित निरीक्षण जांच दल के माध्यम से चारों विकासखंडों में एक साथ उर्वरक एवं कीटनाशक विक्रय परिसर का निरीक्षण अभियान शुरू किया गया। जिसके तहत् आज जिले के चारो विकासखंडों में एक साथ 14 विक्रय परिसरों का औचक निरीक्षण किया गया।

उप संचालक कृषि आर.के कश्यप ने बताया कि अनियमितता पाये जाने पर 4 विक्रय परिसर जिसमें विकासखंड अभनपुर के अभनपुर कृषि केन्द्र एवं संजीव कृषि केन्द्र ग्राम-खोरपा और विकासखंड आरंग के सांई टेडर्स एवं कृषि सेवा केन्द्र ग्राम-गुल्लू को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जवाब संतोषप्रद नही पाये जाने पर संबंधितों पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने बताया कि रबी में कृषकों को सुगमता पूर्वक रासायनिक उर्वरक मिल सके इसलिए जिला सहकारी समिति में उर्वरक के पर्याप्त भंडारण हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक को कृषि विभाग द्वारा पत्र जारी किया गया है।

## गुण्डरदेही पुलिस ने अंतर जिला नकबजनी घटनाओं का किया पर्दाफाश

**राजनांदगांव (आरएनएस)।** छ.ग के बालोद सहित दुर्ग,धमतरी,बेमेतरा,राजनांदगांव के अलग अलग सुने घर एवं ज्वेलर्स दुकान से चोरी किये विभिन्नि प्रकार के सोने चांदी के जेवरात बरामद आरोपियो से कुल चांदी के आभूषण 12.500 किलोग्राम कीमती लगभग 10 लाख एवं सोने का आभूषण 57 ग्राम किमती लगभग 3,25,000 रूपये बरामद वहीं चोरी के कुछ आभूषण को बैंक में गिरवी रखा गया है जिसे बरामद किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक बालोद सदानंद कुमार के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालोद प्रज्ञा मेश्राम के निर्देशन में चोरी के प्रकरण के आरोपियों को पकडऩे में सफलता मिली है मामले इस प्रकार है की थाना गुण्डरदेही क्षेत्र का माह सितम्बर व अक्टूबर वर्ष 2021 में ग्राम भाठागांव बी निवासी गणेश्वर निर्मलकर व ग्राम पसौद निवासी भोला राम साहू ने थाना गुण्डरदेही में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनके घर में दिन दहाड़े सुने मकान का अज्ञात चोर द्वारा ताला तोडक़र घर में रखे 89,000 रूपये कीमती के सोने एवं चांदी के आभूषण तथा नगदी 20,000 रूपये को चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरो के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना दौरान लगातार अज्ञात चोरों की पतासाजी की जा रही थी। जेल में भी मुखबीर लगाये गये थे इसी दौरान सूचना मिली की बालोद जेल से छुटे अरूण साहू द्वारा अपने अन्य साथियो के साथ गुण्डरदेही क्षेत्र एवं अन्य जगहो पर चोरी की घटनो को अंजाम दे रहे है जिनकी गतिविधियो पर निगाह रखी जा रही थी तभी अरूण साहू को गुण्डरदेही क्षेत्र में देखे जाने पर पुलिस द्वारा पकड़ा गया और थाना लाकर पूछताछ करने पर अपने साथी मनोज कुर्रे के साथ गुण्डरदेही क्षेत्र के ग्राम भाठागांव,पसौद एवं बेमेतरा जिला के परपोडी के ज्वेलर्स कपडा दुकान में ताला तोडकर सोने चांदी व नगदी चोरी करना स्वीकार किया गवाहो के समक्ष पूछताछ कर अरूण साहू की निशानदेही पर उसके किराये के मकान ग्राम जामगांव एम व उसके साथी जागेश्वर साहू, मनोज कुर्रे के कब्जे से चोरी ?किये गये कुल चांदी के आभूषण 12.500 किलोग्राम कीमती लगभग 10 लाख एवं सोने का आभूषण 57 ग्राम किमती लगभग 3,25000 रूपये बरामद किया गया एवं विधिवत ?गिरफ्तार किया गया जिसे न्यायिक रिमाण्ड माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है।

## सोशल मीडिया में दही बड़े में मक्खी मिलने की शिकायत पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने दिखाई गंभीरता

❖ **संबंधित फर्म से दही बड़ा, दही और सेव का लिया सैंपल**

❖ **साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने दी सख्त हिदायत**

**महासमुंद (आरएनएस)।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के द्वारा जिले में लगातार खाद्य एवं पेय पदार्थो पर सतत निगरानी रखी जा रही है। समय-समय पर संबंधित होटल, रेस्टोरेंट और किराना दुकानों का निरीक्षण, जांच के साथ सैंपलिंग की कार्रवाई भी की जा रही है। इसी कड़ी में आज महासमुंद के कांग्रेस भवन चौक स्थित सुंदर चाप सेंटर से खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा दही बड़ा, दही और सेव का सैंपल लिया गया है। जिसे जांच के लिए राज्य प्रयोगशाला भेजा गया है। बतादें कि सोशल मीडिया में बुधवार 09 फरवरी की दोपहर शहर के सुंदर चाप सेंटर में दही बड़े में मक्खी मिलने की शिकायत वायरल हुई थी। सोशल मीडिया में वायरल शिकायत को महासमुंद के खाद्य सुरक्षा अधिकारी नीलम ठाकुर ने गंभीरता से लिया। उन्होंने तत्काल खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अभिहित अधिकारी एसडीएम भागवत जायसवाल के मार्गदर्शन में उक्त फर्म पर दबिश दी। और विधिवत कार्रवाई करते हुए सुंदर चाप सेंटर में ग्राहकों को दिए जाने वाले दही बड़े, दही और सेव का सैंपल लिया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ठाकुर ने तीनों सैंपल को जांच के लिए रायपुर कालीबाड़ी स्थित राज्य प्रयोगशाला में भेज दिया है। यदि सैंपल फेल होता है तो संबंधित दुकानदार पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत विधि संगत कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी नीलम ठाकुर ने सुंदर चाप सेंटर के संचालक को दुकान में साफ सफाई रखने और ग्राहकों को स्वच्छ और हेल्दी नाश्ता देने की सख्त हिदायत दी है। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी के साथ खाद्य सुरक्षा अधिकारी शंखनाद भोई भी मौजूद रहे। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जिले में खाद्य एवं पेय पदार्थ बेचने वाले संबंधित दुकानों पर सतत निगरानी रखी जा रही है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती एकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

# सी-मार्ट में महिला समूहों द्वारा बनाये जा रहे उत्पादों के लिए मिलेगा बाजार

❖ **मल्टीलेवल पार्किंग को बिहान बाजार के रूप में किया जाएगा विकसित**

❖ **कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने कार्ययोजना बनाने दिए निर्देश**

**कोरबा (आरएनएस)।** जिले की स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा उत्पादित सामानों को बड़ा बाजार मिलेगा। शापिंग मॉल की तर्ज पर सी-मार्ट विकसित किए जाएंगे। सी-मार्ट में महिला समूहों द्वारा बनाये जा रहे उत्पादों की बिक्री होगी। गौठानों एवं ग्रामीण रूरल इंडस्ट्रियल पार्क से उत्पादित प्रत्येक वस्तु के बिक्री के लिए डिपार्टमेंटल स्टोर या मॉल की तर्ज पर सी-मार्ट खोला जाएगा। कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने कोरबा शहर के टीपीनगर स्थित प्रियदर्शनी मार्केट में सी-मार्ट विकसित करने के निर्देश नगर निगम आयुक्त प्रभाकर पांडेय को दिये हैं। उन्होंने महिला समूहों द्वारा उत्पादित सामानों को शापिंग मॉल की तर्ज पर बेचने की सुविधा विकसित करने के निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार बिहान की स्वसहायता समूह की महिलाओं को विभिन्न प्रकार की व्यापारिक गतिविधियों जैसे कैंटीन, स्टेशनरी, मशरूम शॉप आदि से जोडक़र महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने के लिए बिहान बाजार भी स्थापित किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती साहू ने शहर में निर्मित किए गए मल्टीलेवल पार्किंग को बिहान बाजार के रूप में विकसित करने के निर्देश भी दिए हैं। इसी तारतम्य में आयुक्त पाण्डेय और जिला पंचायत सीईओ नुतन कंवर ने अन्य अधिकारियों के साथ मार्केट स्थल और मल्टीलेवल पार्किंग का निरीक्षण किया।



सी-मार्ट में विभिन्न विभागों की योजनाओं के अंतर्गत महिला समूहों, शिल्पियों, बुनकरो, दस्तकारों, कुम्भकारों एवं अन्य पारंपरिक एवं कुटीर उद्योगों द्वारा निर्मित उत्पादों को व्यावसायिक ढंग से बाजार उपलब्ध कराया जाएगा। सी-मार्ट में गौठानों में महिला समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की श्रृंखला रखी जाएगी। यहां उत्पादों के पैकेजिंग और ब्रांडिंग के साथ उसे एक व्यवस्थित सप्लाई चेन से जोड़ी जाएगी। इससे कोरबा जिले के स्थानीय उत्पादों के लिए एक रिटेल काउंटर उपलब्ध होगा और उपभोक्ताओं तक सीधे इन उत्पादों की पहुँच बनेगी। सी-मार्ट से महिला समूहों के लिए नियमित आय का अवसर तैयार होगा। सी-मार्ट मांग आधारित उत्पादों की आपूर्ति के लिए रूरल इंडस्ट्रियल पार्क को प्रेरित भी करेगा।